राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ने राज्यपाल राहत कोष में दिया 1 करोड़ 11 लाख का सहयोग

राज्यपाल राहत कोष से 'मुख्यमंत्री टीकाकरण सहायता कोष' के लिए दी राशि

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के टीकाकरण के लिए 2 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की

जयपुर, 10 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश में कोरोना वैक्सिनेशन के लिए 2 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राज्यपाल राहत कोष से प्रदेशवासियों के टीकाकरण के लिए यह राशि 'मुख्यमंत्री सहायता कोष' में प्रदान की है। वैक्सिनेशन के लिए प्रदत्त इस राशि में 1 करोड़ 11 लाख रूपये मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा 'राज्यपाल राहत कोष' में प्रदान किए गए थे।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की पहल पर ही राज्यपाल राहत कोष से वर्ष 2019 में हाडौती क्षेत्र में आयी बाढ़ से राहत के लिए 50 लाख रूपये, वर्ष 2020 में कोविड से बचाव के राहत कार्यो के लिए राज्य सरकार को 50 लाख रूपये तथा पीपीई किट तथा अन्य कोविड बचाव उपकरणों के लिए राजस्थान राज्य मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन को 10 लाख रूपये राशि का सहयोग किया गया था।

राज्यपाल ने कोरोना के इस विकट दौर में सरकार के साथ–साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, ट्रस्ट आदि को भी आगे आकर कोरोना बचाव एवं राहत में सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित 'महामारी रेड अलर्ट जन अनुशासन लॉकडाउन' की सभी को पालना करने तथा 'नो मास्क नो मूवमेंट' की सख्ती से पालना किए जाने की भी अपील की है।

....